**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**24.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्यों से वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करने का आह्वान।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश पासवान ने कहा–सरकार की योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य।
- शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने प्रदेश पुलिस महानिदेशक पर लगाया हाईकोर्ट में झूठा शपथ पत्र दाखिल करने का आरोप।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की उपलक्ष्य में किन्नौर, सोलन और लाहौल स्पिति के उदयपुर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन।

**नया पीएम–नीति आयोग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और एक राज्य एक वैश्विक गंतव्य के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत तेजी से शहरीकृत हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य लोगों ने बैठक में भाग लिया। केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य व सीईओ भी मौजूद रहे।

**गिरिराज सिंह**

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर को लेकर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। गिरिराज सिंह ने आज पालमपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह बेताज बादशाह हैं और कुछ भी कह देते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जिस नेता को अपने देश से प्यार होगा वह अपने ही देश के विदेश मंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी नहीं कर सकता।

**पासवान**

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि सरकार की योजनाओं को सीधे आम आदमी तक पहुंचाना और उनसे प्रत्यक्ष रूप से प्रतिक्रिया लेना केंद्र सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। कमलेश पासवान आज चंबा में विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रगति की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूर्ण करने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। कमलेश पासवान ने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि उपमंडलीय मुख्यालय चुवाड़ी में शीघ्र ही मिनी सचिवालय भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए परियोजना प्रस्ताव तैयार किया गया है। पठानिया आज चुवाड़ी में पार्किंग, शॉपिंग कंप्लेक्स, नगर पंचायत कार्यलय और एयर टेरेस रेस्तरां के संयुक्त भवन की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुवाड़ी कस्बे को एक आदर्श कस्बे के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**धनीराम शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से नई दिल्ली में भेंट कर विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश के लिए लम्बित धनराशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सुख–आश्रय परिसर परियोजना के एक सौ 32 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि लम्बित है इसी तरह हिमाचल प्रदेश राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल देखभाल संस्थानों का भी 3 करोड़ 68 लाख रूपए से अधिक लम्बित है। स्वास्थ्य मंत्री ने ये भी कहा कि वन–स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाईन, शक्ति सदन, सखी निवास और महिला सशक्तिकरण हब के तहत प्रबंधन लागत वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमानकों से कम है। उन्होंने आग्रह किया कि इन मानकों को राज्य में प्रचलित न्यूनतम वेतन के बराबर लाया जाना चाहिए।

**नवीन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष नवीन शर्मा ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली पर संदेह जताया है। नवीन शर्मा ने आज शिमला में कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड ने गैरजिम्मेदारी से बोर्ड की 12वीं की परीक्षा का परिणाम जारी किया जिससे हजारों बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है और अभिभावक परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेवार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**एस.पी.शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर निगम के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में प्रदेश हाईकोर्ट से फटकार लगने के बाद एसपी शिमला संजीव गांधी ने अपने की विभाग के पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसपी शिमला ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि डीजीपी अतुल वर्मा ने विमल नेगी मौत मामले में प्रदेश हाईकोर्ट में झूठा शपथ पत्र दाखिल किया है और जांच में अनावश्यक दखल दिया। उन्होंने पुलिस महानिदेशक पर सबूतों से छेड़–छाड़ करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया और कहा कि इससे पुलिस विभाग की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा है।

पुलिस अधीक्षक ने विधायक सुधीर शर्मा द्वारा हाईकोर्ट की लाईव स्ट्रीमिंग की वीडियो चलाने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि उन्होंने इस संबंध में प्रदेश हाईकोर्ट में अदालत की अवमानना का मामला दायर किया है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरंभ से ही विमल नेगी मौत मामले में झूठ बोला है। उन्होंने आज किन्नौर के रिकांगपियो में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का अब इस मामले को तुरंत सीबीआई जांच के लिए भेज देना चाहिए क्योंकि अब हाईकोर्ट का फैसला भी आ चुका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा ही नहीं बल्कि विमल नेगी का परिवार भी आरंभ से ही इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहा था लेकिन मुख्यमंत्री विधानसभा में भी झूठ बोला कि विमल नेगी का परिवार प्रदेश सरकार द्वारा करवाई जा रही जांच से संतुष्ट है।

**तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। यात्राओं के दौरान सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जनजातीय जिला किन्नौर के जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब पाकिस्तान कभी भी दोबारा भारत के खिलाफ आतंकी हमले की हिम्मत नहीं करेगा।**–बाईट–जयराम**

सोलन में सेना के शौर्य के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कुमुद ठाकुर ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पाकिस्तान के साथ भारतीय सेना ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने किया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्यों से वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करने का आह्वान।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश पासवान ने कहा–सरकार की योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य।
- शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने प्रदेश पुलिस महानिदेशक पर लगाया हाईकोर्ट में झूठा शपथ पत्र दाखिल करने का आरोप।

और

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की उपलक्ष्य में किन्नौर, सोलन और लाहौल स्पिति के उदयपुर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन।

---